24 korba Bhoomi-pg1_Layout 1 1/24/2024 11:39 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 25 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

ट्रेलर का नंबर बदलकर फर्जी तरीके से लोहे का परिवहन, दो गिरफ्तार



## खबर संक्षेप

### मुख्य समारोह में उद्योग मंत्री देवांगन फहराएंगे ध्वज



**कोरबा।** गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य,उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि होंगे तथा सीएसईबी फुटबाल ग्राउंड में उनके द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

### साकेत भवन में महापौर करेगें ध्वजारोहण

**कोरबा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद साकेत भवन में ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर निगम के सभापति श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, मेयर इन काउंसिल सदस्य, पार्षदगण के साथ-साथ निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। प्रातः 7 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर राजकिशोर प्रसाद ध्वजारोहण करेंगे।

### गणतंत्र व महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर बंद रहेगी शराब दुकानें

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। 26 जनवरी और 30 जनवरी को जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें, असैनिक विनोदगृह एवं मद्यभण्डागार पूर्णतः बंद रखे जाने का आदेश जारी करते हुए कलेक्टर ने इसका कड़ाई से पालन कराने के निर्देश आबकारी अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफ.एल.3 बार एवं मद्य भण्डारण-भण्डागार को उक्त दिवस पर पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

**कोरबा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है। इसी क्रम में कोरबा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सुभाष धुप्पड़ को कोरबा लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी तारतम्य में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भावी रणनीति तैयार करने व निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में आवश्यक जानकारियों को साझा करने की दृष्टि से 25 जनवरी को दोपहर 2 बजे कोरबा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में लोकसभा प्रभारी सुभाष धुप्पड़.की अध्यक्षता में अति महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों से वन-टू-वन चर्चा की जाएगी।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आज

**कोरबा।** जिले के शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में 25 जनवरी को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित मतदाता जागरूकता से संबंधित उद्बोधन भी आयोजित किए जाएंगे।

### हस्ताक्षर अभियान में कलेक्टर ने किया हस्ताक्षर

**कोरबा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला व बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कलेक्टर अजीत वसंत ने इस हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कर लैंगिक भेदभाव को रोकने के साथ बेटियों को संबल और समर्थ बनाने, लिंगानुपात को सुधारने, संस्थागत प्रसव को बढ़ाने व बालिकाओं को समाज मे गौरवपूर्ण स्थान दिलाने में भागीदारी निभाने हेतु जिलेवासियों को प्रोत्साहित किया।

# राज्य वीरता पुरस्कार के लिए जिले से एक भी दावेदार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य शासन द्वारा बहादुर बच्चों को दिए जाने वाले राज्य वीरता पुरस्कार के लिए कोई भी आवेदक विभाग को नहीं मिला है। विभाग ने इसके लिए अपने दस परियोजना अधिकारियों से बाहदुरी का प्रदर्शन करने वाले बच्चों से आवेदन मांगे थे। किंतु किसी भी परियोजना से ऐसे कोई आवेदन नहीं मिले इससे योजना के प्रचार प्रसार पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

राज्य वीरता पुरस्कार के लिए राज्य शासन द्वारा दिसंबर माह में आवेदन मंगाए जाते हैं। इस पुरुस्कार के लिए 6 से 14 वर्ष के आयु वाले ऐसे बच्चों का चयन किया जाता है जो किसी बहादुरी कार्य को अंजाम दिए हो। इस पुरुस्कार के लिए महिला बाल विकास विभाग द्वारा अपने विभाग के दस परियोजनाओं के अलावा आदिम जाति कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के माध्यम से वीरता पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। आश्चर्य की बात है कि तीन बड़े विभाग के पास राज्य वीरता पुरुस्कार के लिए एक भी पात्र आवेदक का आवेदन नहीं पहुंचा। इससे जाहिर होता है कि राज्य शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के प्रचार प्रसार पर विभागों के द्वारा गंभीरता नहीं दिखाई गई। यही कारण है कि लगातार तीन वर्षों से जिले से किसी भी बालक को राज्य वीरता का पुरस्कार प्राप्त नहीं हो सका है। विभाग की दस परियोजना अधिकारियों को आवेदन पत्र का प्रारुप देते हुए राज्य वीरता पुरुस्कार के लिए निर्धारित मापदंड की भी जानकारी दे दी गई थी। किंतु एक भी परियोजना से कोई आवेदन महिला बाल विकास विभाग को नहीं मिले। आदिम जाति कल्याण विभाग को इसलिए पत्र भेजा गया था कि अगर आश्रम छात्रावास के किसी बच्चे के द्वारा बहादुरी का कार्य किया गया हो तो उनका नाम राज्य शासन को भेजा जा सके। इसी तरह शिक्षा विभाग को भी पत्र प्रेषित किया गया था ताकि स्कूल के किसी बच्चे द्वारा बहादुरी का कार्य किया गया हो तो प्रधानपाठक के माध्यम से उच्च बच्चे का नाम विभाग को मिल सके लेकिन न तो दस परियोजनाओं से नाम आये और न ही आदिमाजाति कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग से नाम प्राप्त हुए।

### योजना के प्रचार प्रसार पर उठ रहा सवाल

**खास बात**

- महिला बाल विकास विभाग की दस परियोजनाओं में नहीं पहुंचा कोई आवेदक




### संयंत्र परिसर में लगेगा 660 मेगावाट की एक और इकाई

# मड़वा में विस्तार संयंत्र को लेकर तैयार की जा रही प्रोजेक्ट रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मड़वा संयंत्र की विस्तार इकाई के लिए एनटीपीसी को सलाहकार नियुक्त किया गया है। एनटीपीसी के अधिकारियों द्वारा मड़वा संयंत्र का दौरा कर विस्तार इकाई स्थापना के संबंध में निरीक्षण कर जानकारी जुटाई गई है। कंपनी द्वारा विस्तार संयंत्र को लेकर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि विस्तार इकाई का काम किसके द्वारा किया जाएगा, पर संभावना जताई जा रही है कि एनटीपीसी की देखरेख में एचटीपीपी विस्तार परियोजना की तरह मड़वा में भी काम किया जाएगा।

**खास बात**

- उत्पादन एवं क्षमता 1000 से बढ़कर हो जाएगी 1660 मेगावाट




छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 1000 मेगावाट क्षमता वाले मड़वा विद्युत संयंत्र परिसर में 660 मेगावाट की एक नई इकाई स्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दी है। संयंत्र का प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर लिया गया है। ऊर्जा विभाग राज्य सरकार के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत कर आगे की कार्रवाई करेगी। इस इकाई के स्थापना से मड़वा संयंत्र की क्षमता बढ़ कर 1660 मेगावाट हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि राज्य में बिजली की मांग लगातार बढ़ते जा रही है। राज्य में विद्युत की मांग अधिकतम 6157 मेगावाट तक पहुंच रही है। जबकि कंपनी का वर्तमान में उत्पादन क्षमता लगभग 2980 मेगावाट है। हालांकि अनुबंध के आधार पर सेंट्रल सेक्टर से बिजली मिल रही है, पर भविष्य में बिजली की मांग बढ़ने पर राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की चिंता बढ़ गई है। यही वजह है कि कंपनी ने नए संयंत्र स्थापना पर जोर देना शुरू कर दिया है। एचटीपीपी के बाद अब जांजगीर-चांपा जिला में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (मड़वा प्रोजेक्ट) के विस्तार पर भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वर्तमान में यहां 500 मेगावाट की दो इकाईयां प्रचालन पर है। संयंत्र परिसर में ही 660 मेगावाट की एक इकाई स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। सूत्रों की मानें तो परिसर में पर्याप्त जगह है और यहां दो इकाई स्थापित हो सकती है, पर वर्तमान में एक इकाई स्थापना की प्रक्रिया शुरू की गई है। हालांकि एक यूनिट में कितनी लागत आएगी, इस बारे में अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। सभी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद संयंत्र स्थापना में भी कम से चार वर्ष लगने की संभावना जताई जा रही है। इसलिए कंपनी ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। मड़वा व एचटीपीपी विस्तार परियोजना के स्थापित होने से 1980 मेगावाट बिजली अतिरिक्त मिलने लगेगी।

### पानी व कोयले की पर्याप्त उपलब्धता

मड़वा संयंत्र में पर्याप्त जगह होने के साथ ही पानी, कोयला व कर्मियों के रहने के लिए आवास की दिक्कत नहीं होगी। संयंत्र में कंपनी के गारेपालमा कोल ब्लॉक से कोयला आपूर्ति की जा रही है। 660 मेगावाट की इकाई में प्रतिदिन 10 हजार टन कोयले की खपत होगी। इस लिहाज से कंपनी को प्रतिदिन अतिरिक्त कोयला आपूर्ति बढ़ानी होगी। साथ ही संयंत्र परिसर में कोल स्टॉक रखने की व्यवस्था करनी होगी। वहीं पानी भी हसदेव नदी से पर्याप्त मिल रहा है। कंपनी द्वारा कर्मियों के लिए पहले ही आवास बनाए जा चुके हैं। अन्य सभी प्रकार की सुविधा होने से विस्तार इकाई लगाने में ज्यादा राशि खर्च नहीं होगी।

### 8 साल बाद अब तक नहीं लगा है नया संयंत्र

जब मध्य प्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य बना, उस समय एक नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ की कुल बिजली उत्पादन क्षमता 1360 मेगावाट थी। 11 दिसंबर 2007 को 500 मेगावाट डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व, पांच सितंबर 2013 को हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में 500 मेगावाट व जांजगीर चांपा जिले के मडवा में 31 जुलाई 2016 को 1000 मेगावाट की क्षमता का विद्युत गृह परिचालन में आया। वर्ष 2016-17 में छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी का उत्पादन 3500 मेगावाट हो गई। वर्ष 2016 के बाद वर्ष 2023 तक राज्य में कोई भी नया विद्युत गृह चालू नहीं किया गया। बल्कि कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह 440 मेगावाट को वर्ष 2020 में बंद कर दिया गया। इससे वर्तमान में उत्पादन क्षमता 2980 मेगावाट रह गई है।

# एसईसीएल संचालन समिति की बैठक में उठा रिक्त पदों पर भर्ती का मुद्दा



बैठक में उपस्थित अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल संचालन समिति की बैठक में उत्पादन, उत्पादक और सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान कंपनी के रिक्त पदों पर भर्ती का मुद्दा भी उठाया गया। साथ ही वर्ष 2016 में मेडिकल अनफिट के दौरान नौकरी के लिए शेष बचे लोगों के मुद्दे पर भी चर्चा की गई।

**खास बात**

- उत्पादन, उत्पादकता और सुरक्षा को लेकर की गई चर्चा

एसईसीएल कंपनी मुख्यालय में मंगलवार को सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा की अध्यक्षता में संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कंपनी के कार्यसंचालन से जुड़े अन्य बिन्दुओं पर भी चर्चा की गई। संचालन समिति के सदस्य और इंटक नेता गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि बैटक के दौरान एसईसीएल के रिक्त पदों पर भर्ती करने का मुद्दा उठाया गया। माइनिंग सरदार, स्टेनो, वाहन चालक आदि पद रिक्त है। एरियर स्लीप, रिटायर कर्मियों का एरियर भुगतान वर्ष 2016 में जो मेडिकल अनफिट हुआ था और नौकरी के लिए शेष बचे लोगों का मुद्दे पर भी बैठक में चर्चा की गई। बैठक शुरू होने से पहले आज सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा, निदेशकगण एवं संचालन समिति के सदस्यों द्वारा त्रैमासिक ई-पत्रिका अभिमन्यु के द्वितीय अंक का विमोचन किया गया। ई-पत्रिका में कोयला उद्योग से जुड़े विभिन्न विषय उत्पादन, तकनीक, सुरक्षा एवं अन्य विषयों जैसे वित्त, मानव संसाधन, सम-सामयिकी आदि पर एसईसीएल के कर्मियों द्वारा लिखे गए आलेखों को समाहित किया गया है। पत्रिका के विमोचन के अवसर पर अभिमन्यु की संपादकीय टीम भी उपस्थित रही। बैठक के अंत में इसी महीने सेवानिवृत होने जा रहे एसईसीएल निदेशक (कार्मिक) देबाशीष आचार्या का सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा, निदेशकगण एवं संचालन समिति के सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। बैठक में निदेशक (वित्त) जी. श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना/परियोजना) एसएन ⏭ शेष पेज 2 पर

# खनिज विभाग ने चलाया अभियान अवैध परिवहन के 9 मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



इन ट्रेलर वाहनो के खिलाफ की गई कार्रवाई।

जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले लोगों के खिलाफ खनिज विभाग अब एक्शन में आ गई है। लगातार सड़कों पर खनिज विभाग की टीम नजर आ रही है और अवैध उत्खनन और परिवहन करने वाले लोगों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को खनिज विभाग की टीम ने अलग-अलग क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया और कुल हाईवा व ट्रेक्टर के खिलाफ अवैध परिवहन का मामला दर्ज किया है। जिससे इस कारोबार में जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर जिला खनिज अधिकारी संचालक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में खनिज विभाग की एक विशेष टीम गठित की गई है। जिसके द्वारा लगातार क्षेत्र में सघन अभियान चलाया जा ⏭ शेष पेज 2 पर

# गांव में चौपाल लगाकर वितरण विभाग ने 29 ग्रामीणों की समस्याओं का किया निदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



चौपाल में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारी व ग्रामीण।

विद्युत वितरण विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर चौपाल लगाकर विद्युत संबंधी समस्याओं का मौके पर निदान किया जा रहा है। साथ ही बिजली बिल की राशि भी मौके पर जमा कराई जा रही है। इस कड़ी में विद्युत विभाग के अफसर बुधवार को हरदीबाजार विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम ढोलपुर में समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और 29 उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर निदान किया गया जबकि 29 उपभोक्ताओं ने बकाया राशि जमा की है।

हरदीबाजार वितरण केन्द्र के अंतर्गत ग्राम ढोलपुर में बिजली समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 उपभोक्ताओं का लाइन विच्छेदन किया गया। जिनकी बकाया राशि 6 लाख 74 हजार 310 रुपए है। 37 बिल संबंधी समस्या का आवेदन प्राप्त हुए जिसमें तत्काल ही 29 उपभोक्ताओं की समस्या का निराकरण किया गया जिससे उन 29 उपभोक्ताओं द्वारा 1 लाख 36 हजार 340 रुपए का भुगतान किया गया। शिविर में अधीक्षण अभियंता कोरबा वृत्त पी एल सिदार, कार्यपालन अभियंता कोरबा ग्रामीण बी बी नेताम, सहायक अभियंता दीपका सत्येंद्र दिवाकर, कनिष्ठ अभियंता हरदीबाजार सुश्री सलोमी टोप्पो उपस्थित थे।

### दादरखुर्द के ग्रामीणों ने एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ खोला मोर्चा

# आउट सोर्सिंग से नौकरी में भेदभाव, ग्रामीणों ने घेरी खदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भूविस्थापितों से चर्चा करते एसईसीएल के अफसर।

एसईसीएल मानिकपुर कोयला खदान से प्रभावित ग्रामीणों ने आउट सोर्सिंग के जरिए नौकरी देने में भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। आक्रोशित ग्रामीण खदान के भीतर दाखिल हुए और खदान बंद करने की मांग करने लगे। आखिरकार निजी कंपनी द्वारा नौकरी देने के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।

मानिकपुर कोयला खदान से प्रभावित ग्राम के भूविस्थापितों का मामला सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को एक बार फिर मानिकपुर खदान से प्रभावित ग्रामीणों ने प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भिलाईखुर्द के आक्रोशित ग्रामीण नौकरी देने में भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए बड़ी संख्या में ग्रामीण खदान के भीतर दाखिल हुए और खदान को बंद करने की मांग करने लगे। ग्रामीणों का आरोप है कि मानिकपुर खदान में नियोजित कलिंगा नामक निजी कंपनी द्वारा भू-विस्थापितों के हितों को नजरअंदाज किया जा रहा है। कलिंगा कंपनी द्वारा उन्हें नौकरी नहीं दी जा रही है। इसी बात से आक्रोशित होकर वे खदान पहुंचे और बंद कराने की मांग पर अड़ गए। भू-विस्थापितों के आंदोलन की सूचना मिलते ही पुलिस और एसईसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिती कां संभाला। करीब एक घंटे तक चले वार्ता में ठेका कंपनी ने नौकरी देने की बात कही जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

# लिंक एक्सप्रेस में आई तकनीकी खराबी, मरम्मत के बाद पहुंची चांपा



मरम्मत कार्य करते रेलवे कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा से विशाखापट्टन की ओर जाने वाले लिंक एक्सप्रेस में हौज पाइप में लिकेज होने के कारण तकनीकी खराबी आ गई जो कुछ देर चांपा मड़वारानी स्टेशन के बीच रुक गई। एकाएक तकनीकी खराब की सूचना मिलने पर पहुंचे तकनीकी कर्मचारियों ने हौज पाइप के लिकेज को मरम्मत की, उसके बाद यात्री ⏭ शेष पेज 2 पर

24 korba-Bhoomi pg2_Layout 1 1/24/2024 11:41 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ ने चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

**सूरजपुर**। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह द्वारा जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें डॉ. आजाद भगत, पैथोलॉजिस्ट, डॉ.सुमन सिंह, फिजियोथेरिपिस्ट के साथ प्रशिक्षणरत 8 स्नातकोत्तर छात्र अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने चिकित्सकों को नोटिस जारी करते हुए उक्त दिवस का अवैतनिक करने की कार्रवाई करने का निर्देश दिए। साथ ही समस्त अधिकारी, कर्मचारी को पुनः निर्देशित किया की वे अपने कर्तव्य स्थल पर निर्धारित समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### 11 वाहन चालकों के खिलाफ हुई कार्रवाई

**बिश्रामपुर**। पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलीसेला के निर्देश पर बुधवार को जयनगर पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच में वायु प्रदूषण करते तेज ध्वनि के हार्न व यातायात नियमों का पालन न करने वालों पर कार्यवाही की गई। बुधवार को जयनगर थाना के पास पुलिस द्वारा अभियान चलाकर सघन वाहन चेकिंग की गई। यहां पर पुलिस द्वारा 11 वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन न करने व अत्यधिक तेज ध्वनि के प्रेशर हॉर्न लगाने वालों से करीब 5000 रुपए की समंश वसूली की गई। कार्यवाही में जयनगर थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, सहायक उप निरीक्षक वरुण तिवारी, रघुवंश सिंह, प्रधान आरक्षक अशोक साहू, आरक्षक विकास मिश्रा, श्याम सिंह, दिनेश ठाकुर, नगर सैनिक मुजाहिद व अन्य सक्रिय रहे।

### गजाधरपुर में मिले अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त

**बिश्रामपुर**। ग्राम पंचायत गजाधरपुर में सोमवार की शाम एक अज्ञात युवक के फांसी पर लटके मिले शव की पुलिस ने शिनाख्त कर ली है। लटोरी पुलिस ने बताया कि कसकेला वन सर्किल के ग्राम पंचायत गजाधरपुर नर्सरी कच्ची रोड से करीब तीन सौ मीटर अंदर सेंट फैक्ट्री के समीप खैर के पेड़ पर अज्ञात युवक का फांसी के फंदे पर लटका शव देखकर फायर वाचर द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का मौके पर ही शव का पंचनामा व चिकित्सक से पीएम कराकर शव की फोटोग्राफी के बाद डिस्पोज करा दिया गया था। मामले में बुधवार को पुलिस ने मृतक की शिनाख्त खडगवां चंदरपुर निवासी 25 वर्षीय सुखनाथ मिंज पिता शंकर मिंज के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि मृतक पिछले दो महीने से अंबिकापुर गांधीनगर में रहकर मजदूरी का कार्य करता था। पुलिस द्वारा बताया गया कि विवेचना पूर्ण होने व पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### गर्म पानी से झुलसी मासूम, मौत

**अम्बिकापुर**। विश्रामपुर थाना समीप निवासी नितिका कुमारी आ. दयानंद (4 वर्ष) सोमवार की दोपहर घर में खेल रही थी। इसी दौरान परिजन द्वारा स्नान करने के लिए आग जलाकर पानी गर्म कर रहे थे। खेलते खेलते ही अचानक गर्म पानी बच्ची के शरीर पर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे बिश्रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बच्ची की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### अवैध परिवहन एवं समिति से 218 बोरी धान जब्त

**बलरामपुर/रामानुजगंज**। जिले में अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। संयुक्त टीम द्वारा अलग अलग कार्रवाई में समिति व परिवहन करते हुए 218 बोरी अवैध धान जब्त किया है। बता दें कि कलेक्टर आर एक्का ने जिले में चल रही धान खरीदी के दौरान अवैध रूप से धान खपाने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देश निगरानी दलों, नोडल व राजस्व अधिकारियों के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है और टीम लगातार अवैध धान खपाने वालों पर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में एसडीएम रामानुजगंज के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने भंवरमल समिति में जांच की। जांच के दौरान महरू द्वारा 50 बोरी अवैध धान खपाने के लिए लाया गया था जिसे टीम ने जब्त किया। इसी तरह इसी प्रकार डूमरपान में 50 बोरी एवं केनवारी में 65 बोरी अवैध धान पिकअप से तथा चन्द्रनगर में 53 बोरी अवैध धान ट्रैक्टर से परिवहन किया जा रहा था जिसे जब्त कर कार्रवाई की गई है।

### अवैध रूप से रेत परिवहन खनिज विभाग ने की कार्रवाई

**बिश्रामपुर**। लंबे समय से कांसापारा रेत घाट से अवैध तरीके से किए जा रहे रेत उत्खनन व परिवहन कार्य पर अंकुश लगाने ग्रामीण विवश होकर स्वयं सक्रिय हुए। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जयनगर के कांसापारा स्थित रेत घाट से लंबे समय से अवैध रूप से रेत उत्खनन व परिवहन का कार्य किया जा रहा था। विभागीय अधिकारियों द्वारा मामले किसी तरह की कोई कार्यवाही न किए जाने से नाराज ग्रामीणों द्वारा सक्रियता दिखाते हुए बुधवार की सुबह रेत परिवहन कार्य में लगे तीन वाहनों को पकड़कर खनिज विभाग के सुपुर्द कर दिया है।

## 31 जनवरी धान खरीदी की अंतिम तिथि तय की है प्रशासन ने

# अंतिम तिथि के पांच दिन पहले लक्ष्य से ज्यादा हो गई धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी के अंतिम तिथि 31 जनवरी के पहले ही 24 जनवरी तक जिले ने धान खरीदी के 25 लाख 74 हजार क्विंटल लक्ष्य को पार करते हुए 25 लाख 88 हजार क्विंटल धान की खरीदी कर ली है।

**खास बात**

- 40 हजार से अधिक किसानों ने बेचा 25 लाख 88 हजार क्विंटल धान

कुल 40 हजार 888 किसानों धान बेचा है और अभी खरीदी के पांच दिन शेष है और दो लाख से अधिक क्विंटल के टोकन में खरीदी होना बांकी है।

1 नवंबर से समर्थन मूल्य के साथ शुरु हुई धान खरीदी के दरमियान जिले को राज्य शासन की ओर से 25 लाख 74 हजार क्विंटल का लक्ष्य मिला था। इस लक्ष्य को लेकर सभी 65 उपार्जन केंद्रों में खरीदी की शुरुआत हुई। 30 नवंबर तक खरीदी का आंकड़ा 1 लाख 30 हजार क्विंटल के करीब पहुंचा था। दिसंबर के दूसरे सप्ताह से धान की जो आवक तेज हुई वह जनवरी माह के अंतिम सप्ताह तक जारी है। 24 जनवरी तक विपणन विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में कुल खरीदी 25 लाख 88 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है जो कुल लक्ष्य 25 लाख 74 हजार क्विंटल से 4 अधिक है। अभी खरीदी को पांच दिन शेष है। 27 और 28 जनवरी को अवकाश होने के कारण खरीदी नहीं होगी, इस तरह खरीदी को महज पांच दिन शेष बचे हैं। 31 जनवरी राज्य शासन द्वारा खरीदी की अंतिम तिथि तय की गई है। विपणन विभाग की मानें तो जिले में खरीदी का आंकड़ा लक्ष्य से पार कर जाएगा। संभवतः 26 लाख क्विंटल तक धान की खरीदी हो सकती है। जिस तरह धान की खरीदी हुई है उसी तुलना में धान का उठाव नहीं होने से समितियों में धान जाम पड़ा है। वहीं ऑनलाइन टोकन काटने की वजह से किसानों को धान बेचने में सुविधा तो मिली लेकिन दूसरी ओर समिति में धान की ऐसी आवक बढ़ी कि उपार्जन केंद्रों में धान रखने जगह तक नहीं बची। एक सप्ताह पूर्व कलेक्टर द्वारा धान खरीदी की समीक्षा किए जाने के दौरान समितियों में धान की बंफर लिमिट बढ़ाए जाने के साथ उठाव की धीमी गति की जानकारी भी सामने आने के बाद उनके निर्देश पर धान उठाव में तेजी लाई गई।


फाइल फोटो

### 9 हजार से अधिक किसानों ने रकबा किया समर्पण

धान खरीदी के दौरान टोकन कटाने के दो नियम बना दिए गए थे। इनमें किसानों के द्वारा सहकारी समिति में जाकर पंजीयन कराया गया तो वहीं कुछ किसानों ने मोबाइल एप्प से पंजीयन कराया है। धान खरीदी के दौरान गड़बड़ी रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ाई बरती है, फलस्वरुप 9 से अधिक किसानों ने अपने रकबे का समर्पण कर दिया। जिसकी वजह से बिचौलियों के द्वारा उक्त किसानों के रकबे के आधार पर धान नहीं बेचा जा सका। रकबा समर्पण की कार्यवाही जिला प्रशासन के द्वारा पहली बार की गई है। जिसकी वजह से खरीदी में गड़बड़ी रोका जा सका। इस वर्ष कलेक्टर अजीत वसंत ने किसानों के धान का भौतिक सत्यापन घर जाकर कराने के निर्देश दिए साथ में मिलर्स के मिल में जाकर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए थे और इसके लिए टीम भी बनाई गई है।

### अधिकारियों ने किया सघन निरीक्षण

कलेक्टर के निर्देश पर धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने के लिए टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा लगातार निरीक्षण किया गया। उप पंजीयक पूर्णिमा सिंह, डीएमओ जान्हवी जिल्हारे, बैंक नोडल अधिकारी एसके जोशी, जिला खाद्य अधिकारी जेके सिंह ने सघन निरीक्षण किया। जिसकी वजह से समितियों में बिचौलियों के माध्यम से खरीदे जाने वाले धान को रोका जा सका।

### केवल भिलाई उपार्जन केंद्र में आया पतला धान

सभी उपार्जन केंद्रों में मोटे धान की ही आवक हुई है, केवल भिलाई बाजार उपार्जन केंद्र ऐसा है जहां महज 24 क्विंटल पतला धान खरीदा गया है। इसी तरह 16 उपार्जन केंद्रों से 28 हजार 945.60 क्विंटल सरना धान खरीदा गया है। सर्वाधिक खरीदी मोटे धान की हुई है। समितियों में अभी भी धान की खरीदी जारी है। विपणन विभाग के अनुसार कुल खरीदी का आंकड़ा 26 लाख क्विंटल से अधिक होगा। खरीदी को लेकर धान उठाव की प्रक्रिया में तेजी आ गई है।

### 51 हजार से अधिक किसानों ने कराया था पंजीयन

धान बेचने हेतु 51 हजार 147 किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। 1 नवंबर से शुरु हुई धान खरीदी के लिए अधिकांश किसानों ने अपने दस्तावेजों के साथ समितियों में पंजीयन कराया था। 24 जनवरी तक 40 हजार 888 किसानों के द्वारा धान बेचा जा चुका है। 31 जनवरी तक खरीदी होना है। लिहाजा खरीदी का यह आंकड़ा 27 लाख क्विंटल तक पहुंचने की संभावना विभागीय अधिकारियों ने जताई है।

### लक्ष्य से अधिक धान खरीदी

जिले में धान की कुल खरीदी 25 लाख 88 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है जो लक्ष्य से अधिक है। 40 हजार 888 किसानों ने धान बेचा है। 18 लाख 50 हजार क्विंटल धान का उठाव हो चुका है और तेजी से धान का उठाव किया जा रहा है।

**-जान्हवी जिल्हारे,** जिला विपणन अधिकारी

# तीन दिवसीय कृष्ण लीला महोत्सव का आयोजन


कृष्ण लीला महोत्सव के दौरान निकाली गई झांकी व उपस्थित श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

पूर्व में रामलीला का दौर चला करता था, जिससे कलाकारों को मौका मिलता था किंतु मंचन बंद होने के कारण ऐसे कलाकारों को मौका नहीं मिल पा रहा था। वर्तमान में राम मंदिर निर्माण के दौरान एक बार फिर रामलीला मंचन शुरु होने से कलाकारों को मौका मिलने लगा है।

इसी तारतम्य में छत्तीसगढ के 8 जिलों में कृष्ण रासलीला करने के बाद राधा सर्वेश्वर लीला संस्थान श्रीधाम वृंदावन से पधारे लगभग 25 कलाकारों के द्वारा अग्रसेन भवन कटघोरा में श्रीराधा रानी, कृष्ण लीला स्वरुप, रास महोतसव का आयोजन 24 जनवरी से प्रारम्भ किया गया जिसका समापन 26 जनवरी को किया जाएगा। रासलीला में कंश के द्वारा देवकी व वासुदेव के विवाह पर प्रसन्न होकर जाते रहते है मगर आकाशवाणी होने पर वापस लाकर कारागृह में डाल देना,बारी बारी देवकी के पुत्रों की हत्या,भगवान श्री कृष्ण का जन्म,जन्म पश्चास्त वासुदेव के द्वारा भगवान श्री कृष्ण को गोकुल में नंद बाबा के यहां छोड़ना,भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला, कृष्ण राधा की रास लीला व कंश के द्वारा पूतना को भेजकर कृष्ण को मारने की कोशिश में स्वय पूतना का मरना जैसे लीलाओ को आज दिखाया गया जिसका सभी ने तालिया बजाते हुए उत्साहवर्धन किया बृजवासी से पधारे कलाकारों के द्वारा श्री कृष्ण के सभी लीलाओं को जीवन्त झाँकी के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कटघोरा की युगल उपासक मंडल की टोली विगत कई दिनों से प्रयासरत रही हैं इस आयोजन में बृजवासी से पधारे स्वामी गिरिराज जी, सौरभ दिवेदी जी, प्रशांत दिवेदी, पुनीत दिवेदी ,रामजीत शर्मा,देवेंद्र भारद्वाज,रस्क दिवेदी,सहित सभी कलाकार व कटघोरा के नागरिक व महिलाएं उपस्थित रहीं।

# शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में हुआ आनंद मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार


आनंद मेला में उपस्थित अतिथिगण।

शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव के अंतर्गत आनंद मेले का 24 जनवरी को आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन संस्था की प्राचार्य डॉ शिखा शर्मा ने किया। इस मेले में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने मनोरंजन के साथ-साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर लुत्फ उठाया। इस मेले में छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा, चिला, अइडसा, गुलगुले, भोजपुरी व्यंजन लिट्टे चोखा, साउथ इंडियन इडली, गुजराती व्यंजन ढोकला, चाइनीज व्यंजन चाऊमीन, मोमोज तथा पानी पूरी भेल गाजरका हलवा माकटेल आदि इस आनंद मेले के विशेष आकर्षण रहे। इस अवसर पर विविध खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें वार्षिकोत्सव लकी चेयरगेम व मटकाफोड़ गिलास गिराओ, सिक्का डालो आदि प्रतियोगिता शामिल हैं। आनंद मेले के व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से अंकिता कंवर, साक्षी, गीतांजलि साक्षी तथा लहिमोरे, स्वाती ओगरे स्टाल रहा। द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से सुभद्रा सूर्य प्रकाश, तरूण, शिवाजी,शीतल तथा अनुपम सोनी गुलशन राठौर का स्टाल रहा। तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से प्रभा केवर्त, तथा स्वाती,प्रिती ,सिल्की अंकिता का स्टाल रहा। अनुश्री, एकता महतो, अदिति राठौर सांत्वना पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। मनोरंजक खेलों के क्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ के लिए लकी चेयरगेम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सहायक प्राध्यापक राकेश राठौर, द्वितीय स्थान पर सहायक प्राध्यापक आदयाशंकर मिश्रा तृतीय डॉ महेश वर्मा रहे। छात्रों में प्रियंश प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर रवि राठौर तृतीय स्थान पर राकेश रहे।

# खेल से होता है खिलाड़ी का व्यतित्व एवं सर्वांगीण विकास : जायसवाल


विजयी प्रतिभागियो को पुरस्कृत करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर में मां भवानी चोढा रानी युवा समिति रामपुर की तरफ से क्रिकेट कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। क्रिकेट के कार्यक्रम में पंचायत स्तरीय लगभग 30 पंचायत के टीम ने भाग लिया जिसमें सेमीफाइनल ग्राम नवाडीह और ढेलवाडीह के बीच खेला गया। जिसमें ढेलवाडीह की टीम विजयी हुई और फाइनल मैच ढेलवाड़ीह और ग्राम पंचायत रामपुर के बीच में खेला गया जिसमें रामपुर की टीम 49 रन से विजय हुई। इस प्रकार रामपुर प्रथम ढेलवाड़ीह दूसरा और नवाडीह उतरदा तृतीय ईनाम के हकदार बने। इस कार्यक्रम के आयोजन ग्राम पंचायत रामपुर के क्रिकेट मैदान में रखा गया था और प्रथम इनाम जनपद के सभापति मुकेश जायसवाल के करकमलों से 11 हजार रुपए नगद राशि एवं शील्ड का इनाम विजेता को प्रथम विजेता को दिया गया इसी तरह द्वितीय विजेता के लिए 7 हजार रुपए एवं शील्ड और तृतीय विजेता के लिए 5 हजार रुपए एवं शील्ड प्रदान किया गया। क्रमशः रामपुर, ढेलवाड़ीह और नवादीह उतरदा को प्रथम द्वितीय तृतीय ईनाम दिया गया मैन आफ द मैच मैन ऑफ़ द सिरीज, मैडल एवम नगद ईनाम का बौछार किया गया इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के समस्त गणमान्य नागरिक सचिव, सरपंच, पंचगण आदि उपस्थित थे।

# रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बाल्को नगर क्षेत्र में श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 70 बच्चों ने रंगोली में भाग लिया। लालिमा जायसवाल जिला संयोजक, गौसेवा गतिविधि के नेतृत्व में प्रतियोगिता आयोजित की गई। मन्दिर समिति द्वारा बच्चों के प्रतिभा को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस तरह के आयोजनों से बच्चों में छिपी प्रतिभाएं सामने आती है। इस प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर कन्या विद्यालय बाल्को के छात्राओं ने भी हिस्सा लिया।



# सेजस रजकम्मा में मनाया गया पराक्रम दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय रजकम्मा मदनपुर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती अवसर पर उन्हें याद किया गया। प्रभारी प्राचार्य विनोद जायसवाल ने नेताजी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने नेता जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कटक में जन्मे, देशभक्ति के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के पद को छोड़ने वाला यह भारत का सच्चा सपूत था। कुमुदिनी राम ने युवाजोश से परिपूर्ण नेताजी के प्रसिद्ध नारा तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा में निहित भाव से विद्यार्थियों को देशभक्ति के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कल्पना कुजुर ने आजाद हिंद फौज के गठन से द्वितीय विश्व युद्ध मे सुभाषचंद्र बोस की भूमिका को बताया। छात्र-छात्राओं ने खूनी हस्ताक्षर और नेताजी के तुलादान का सस्वर काव्य पाठ किया। छात्राओं ने देशभक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रोचक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन विनोद जायसवाल ने एवं आभार कमलेश्वरी साहू ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में अर्चना किंडो, भोला अहीर, प्रियांशु खांडे, जया



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण व छात्र।

# एनटीपीसी में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कोरबा टाउनशिप में संचालित केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 में समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें परिसर का भ्रमण करने के साथ विद्यालय विकास के जरूरी बिंदुओं पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एनटीपीसी के पुस्तकालय में विद्यालय प्रबंधन समिति (वीएमसी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वीएमसी और एचओपी एनटीपीसी लिमिटेड कोरबा के अध्यक्ष मधु एस ने की। बैठक में प्राचार्य एसके साहू के मुख्य अतिथ्य में मधु एस, प्रभात राम व केएन सिंह को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। बैठक में एनटीपीसी अस्पताल की सीएमओ डॉ. प्रतिमा महिंद्रा, सीआईएसएफ कमांडेंट कुमार पी, प्राचार्य और एनटीपीसी के अन्य अधिकारियों सहित नागरिकों की उपस्थित रही। आभार व्यक्त शिक्षिका श्रीमती अर्चना खरे ने किया। वहीं वीएमसी अगली बैठक फरवरी माह में प्रस्तावित है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### लिंक एक्सप्रेस...

गाड़ी को चांपा के लिए रवाना किया गया। लिंक एक्सप्रेस प्रतिदिन की भांति कोरबा रेलवे स्टेशन से शाम 04.05 मिनट में रवाना हुई थी तब तक यात्री ट्रेन में किसी तरह की तकनीकी खराबी के संबंध में कोई मामला सामने नहीं आया था लेकिन जैसे ही यात्री गाड़ी मड़वारानी स्टेशन के समीप पहुंची एकाएक हौज पाइप के लिकेज होने से यात्री गाड़ी रुक गई। तेज आवाज होने से यात्रियों में हड़बड़ी मच गई। जैसे ही इसकी सूचना कोरबा रेलवे स्टेशन पहुंची तकनीकी कर्मचारियों का दल उक्त स्थल की ओर रवाना हुआ और मौके पर पहुंचकर तकनीकी खराबी हो दूर करने की कार्यवाही करते हुए तकनीकी कर्मचारियों ने यह पाया कि यात्री गाड़ी कोच के हौज पाइप के लिकेज होने की जानकारी सामने आई। जिसे मरम्मत करने के बाद चांपा की ओर रवाना किया गया।

### एसईसीएल ...

कापरी, निदेशक (कार्मिक) देबाशीष आचार्या, संचालन समिति के सदस्य नाथूलाल पाण्डेय (एचएमएस), हरिद्वार सिंह (एटक), सुजीत कुमार सिंह (बीएमएस), गोपाल नारायण सिंह (एसकेएमसी), वीएम मनोहर (सीटू), एके पाण्डेय (सीएमओएआई) एवं विभिन्न विभागाध्यक्षगण उपस्थित रहे।

### खनिज विभाग ने...

रहा है और अवैध उत्खनन व परिवहन करने वाले तस्करों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण की रोकथाम हेतु जांच के दौरान बरपाली उरगा क्षेत्र में रेत के 2 हाईवा, गिट्टी के 2 हाईवा, बालको क्षेत्र में 1 ट्रेक्टर, हरदीबाजार क्षेत्र में गिट्टी के 4 हाईवा (कुल 9 वाहनों) की जप्ती कर खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। तथा खनिज विभाग द्वारा नियमित भ्रमण कर कार्रवाही की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### एमपी नगर में श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ 28 से

**कोरबा**। महाराणा प्रताप नगर में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 28 जनवरी से 4 फरवरी तक किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 28 जनवरी को कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। कथा वाचक बाल व्यास पंडित सुयश दुबे होंगे। जिनके मुखारविंद से संगीतमय भागवत कथा का रसपान गौरी शंकर मंदिर दुर्गा पंडाल एमपी नगर में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 7 बजे तक कराया जाएगा। आयोजन समिति के द्वारा सभी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण हेतु आमंत्रित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलश यात्रा तत्पश्चात वेदी पूजन के साथ कथा प्रारंभ होगी, 29 जनवरी को कपिल चरित्र, 30 जनवरी को वामन एवं प्रहलाद चरित्र, 31 जनवरी को कृष्ण जन्मोत्सव 1 फरवरी गोवर्धन पूजा 2 फरवरी को रुक्मणी विवाह 3 फरवरी सुदामा चरित्र एवं चढ़ोत्तरी के साथ कथा विश्राम किया जाएगा। 4 फरवरी को गीता हवन सहस्त्र धारा के साथ भंडारे का आयोजन रखा गया है।



### अनमोल कर्तव्य सेवा समिति ने वनांचल क्षेत्र का किया दौरा

**कोरबा**। अनमोल कर्तव्य सेवा समिति के संस्थापक टीम द्वारा सतरेंगा, देवपहरी एवं गढ़ उपरोड़ा क्षेत्र में दौरा किया गया। जिसमें समिति के संस्थापक कमल दीवान एवं उमेश कुमार चिकनजूरी एवं सदस्य सुमित कुमार, योगेश कुमार द्वारा जंगल किनारे बस्ती बसे गरीब परिवारों से मुलाकात व उनका हालचाल जाना। साथ ही उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए कुछ जरूरत की सामग्री भी उनको प्रदान की गई। साथ ही बुजुर्गों से विशेष भेंटकर उनकी समस्या जाना। ग्राम चुईया निवासी बिहोर जनजाति के वृद्धा बुधवारा, मंगली बाई व सुमित्रा से बात करने पर उन्होंने बताया कि मुझे विगत 6 माह से पेंशन नही मिल रहा है, उनको पेंशन की समस्या आ रही है और साथ ही सनीराम लोहार ने बताया कि आज तक उसका राशन कार्ड नही बना है जिससे उनको सरकार की तरफ से मिलने वाले राशन से वंचित है और जंगल किनारे अकेले झोपड़ी में रहकर जीवन गुजार रहे है। जिन कारणों से इनको पेंशन व राशन मिलने में समस्या हो रही है जैसी समस्याओं से अवगत समिति के सदस्य अवगत हुए व निराकरण करने की दिशा पर पहल करने की बात कही।

## तहसीलदार ने अतिक्रमण रोकने दी व्यवसायियों को चेतावनी

# दुकानों के बाहर से नहीं हटाया गया अतिक्रमण तो सील की जाएंगी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर के मुख्यमार्गों में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के सामने व्यवसायियों के द्वारा अतिक्रमण कर सामान रखे जाने के मामले में तहसीलदार कड़ा रुख

**खास बात**

- व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जमा करना होगा डायवर्सन शुल्क

अपनाते हुए चेतावनी दी है कि अगर दुकानों के सामने अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो उनकी दुकानें सील कर दी जाएंगी। तहसीलदार ने व्यवसायियों को डायवर्सन शुल्क पटाने के निर्देश भी दिए हैं।

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत व्यवसायिक दुकानों व मुख्यमार्ग, न्यू बस स्टैंड में दुकानदारों द्वारा किये गए अवैध अतिक्रमण को लेकर आज राजस्व विभाग की टीम तहसीलदार व नगर पालिका तथा कटघोरा पुलिस की संयुक्त टीम ने नगर के दुकानदारों को डायवर्सन शुल्क ( भू -भाटक ) जमा करने तथा दुकानों के परिधि के बाहर किये गए अवैध अतिक्रमण को हटाने को लेकर दुकानदारों को समझाइस दी गई। इस दौरान बस स्टैंड के भीतर व बाहर दुकावंदारो द्वारा अवैध रूप से दुकान के नाहर शेड निकालकर व दुकानों का सामान डिस्पले कर रखे हुए थे जिन्हें तहसीलदार व नगर पालिका की टीम ने सख्त चेतावनी देते हुए समझाइस दी। तहसीलदार भूषण मंडावी ने बताया कि जिन दुकानदारों ने आपने जमीन का डायवर्सन कराया है और उसका चाहे आप निवास के लिए उपयोग कर रहे हों या फिर व्यवसायिक प्रतिष्ठान बनाया हो। यदि आपने वार्षिक डायवर्सन व भू-भाटक शुल्क जमा नहीं किया है तो जल्द से जल्द डायवर्सन शुल्क जमा करें। दरअसल आम लोग जमीन का डायवर्सन कराने व खरीदी के समय भू-भाटक शुल्क पटाने के बाद भूल जाते हैं कि उन्हें भू-अभिलेख शाखा द्वारा निर्धारित डायवर्सन शुल्क अथवा भू-भाटक दर हर साल पटाना है। वह दर डायवर्सन शाखा से मिले दस्तावेज में भी लिखा रहता है, लेकिन इससे अनजान होने के कारण अधिकांश लोग इसे पटाना भूल जाते हैं। इस कारण जिले में लाखों रुपए का डायवर्सन राजस्व लंबित है। तहसीलदार श्रीमंडावी ने बताया कि कटघोरा में दुकानदारों द्वारा अपने दुकान की परिधि से अधिक जगह पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है साथ ही अपनी दुकान के बाहर सामान रखकर डिस्पले कर रहे है जोकि पूरी तर्ज गलत है। ऐसे दुकानदारों को नगर पालिका की टीम द्वारा सख्त समझाइस दी जा रही है। यदि एक सप्ताह के भीतर दुकानदारों द्वारा समझाइस का पालन नहीं किया गया तो उन दुकानदारों की दुकान को सील किया जाएगा। साथ ऐसे दुकानदार जो पार्किंग स्थल पर होर्डिंग लगा रखे है उन दुकानदारों को जल्द से जल्द होर्डिंग हटाने व पार्किंग की जगह खाली करने निर्देश दिए गए हैं अन्यथा नगर पालिका द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।


कार्यवाही के दौरान अधिकारियों की टीम।

## टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का किया गया आयोजन


प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

ग्राम दमखांचा में पंचायती स्तरीय डीएमके टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम कि मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती सरिता धरम सिदार ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच ग्राम गितारी वर्सेस जर्वे शकरेली के मध्य खेला गया। जिस में बेहतर प्रदर्शन करते हुए गितारी की टीम ने मैच अपने नाम किया। ग्राम पंचायत दमखांचा में डीएमके क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 11 स्टार दमखांचा और ग्राम वासियों के द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम में ग्राम के कर्मचारियो का विशेष सहयोग हैं। प्रतियोगिता में 16 टीम भाग ले सकते हैं। सोमवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता धरम सिदार ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती रामेश्वरी कन्हैया पूर्व सरपंच, सुरेश कुमार साहू उपसरपंच पुरैना थे। उद्घाटन मैच ग्राम गितारी ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। ग्राम गितारी ने बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 59 रनों का लक्ष्य जर्वे सकरेली की टीम को दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए 8 ओवरों मे 45 रन ही बना सकी इसी तरह गितारी की टीम ने 14 रनों से यह मैच अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता का विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 17 हजार रूपये एवं कप नवाजा जायगा। जिसे श्रीमती सरिता धरम सिदार एवं समिति द्वारा दिया जवेगा। तृतीय पुरस्कार 9001 रु. कप श्रीमती रामेश्वरी कन्हैया कंवर एवं श्री परमानंद कंवर द्वारा दिया जाएगा। तृतीय पुरस्कार 5001 रु.कप रूपेश बिंझवार सचिव द्वारा दिया जाएगा। चतुर्थ पुरस्कार 1501 रु, सुरेश मोबाइल सेंटर मड़वारानी के द्वारा दिया जाएगा।

## बालको में आयोजित किया गया सिलाई प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लायंस क्लब बालको द्वारा लायंस भवन मोती सागर पारा में सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। लायंस क्लब बालको द्वारा श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूजा अर्चना कर प्रसादम का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम अध्यक्ष कैलाश नाथ गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मोतीसागरपारा कोरबा एवं कोरबा के आस पास से बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुए। जिसमें 23 महिलाओं ने सिलाई प्रशिक्षण के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया। लायंस क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी लायन एमडी मखीजा, द्वितीय वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल, रीजन चेयर पर्सन डेजी लायन पवन शर्मा, लायन डीके कुदेसिया, लायन राजेश कुमार ठाकुर, लायन कैलाश अग्रवाल, सचिव किशोर कुमार अग्रवाल, लायन जेके जैन, कोषाध्यक्ष लायन रीतेश केडिया, लायन आभा दुबे, लायन विक्रम अग्रवाल सहित अअनय लायंस क्लब के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## शासकीय माध्यमिक शाला लोटनापारा में वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत उतरदा के शासकीय माध्यमिक शाला लोटनापारा में वार्षिकउत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं विशिष्ट अतिथि एनएसयूआई जिलाध्यक्ष कोरबा (ग्रा) मनमोहन राठौर रहे। मां सरस्वती का पूजा याचना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। जिनका मनोबल बढ़ाते हुए विधायक ने कहा कि आने वाले दिनों में देश के जिम्मेदार नागरिक बनना है और पढाई खेल सांस्कृतिक के माध्यम से अपना अपने ग्राम पंचायत अपने जिले का नाम रोशन करने का आशीर्वाद प्रदान किया। जिसमें मुख्य रूप से कृषि मरावी, दिलहरण टेकाम, युवा भाजपा नेता मन्नू राठौर साई, कृष्णा पटेल, कमलेश शीनू साहू, बाबूलाल साहू, प्रधान पाठक के. एस. पटेल, सुरेंद्र साहू, अशवनी पटेल, अरिमा टोप्पो एवं समस्त माध्यमिक शाला,प्राथमिक शाला के शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राएं और भारी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित रहे।




## कलेक्टर ने टीबी मरीजों को फूड बास्केट का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने मंगलवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत जिले के विकासखण्डों में चिन्हांकित टीबी मरीजों को आवश्यक पोषण सहायता प्रदान किया। साथ ही मरीजों का स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा जिले में 120 चिन्हांकित टीबी मरीजों हेतु निक्षय मित्र बनकर उनके इलाज के दौरान आवश्यक पोषण सहायता के लिए फूड बास्केट प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इन प्रदायित फूड बास्केट को प्रत्येक विकासखण्ड के अतिरिक्त पोषण आहार की आवश्यकता वाले 20 चिन्हांकित टीबी मरीज को वितरित किया गया है। सीएमएचओ डॉ. केशरी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि टी.बी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत वर्ष 2025 तक देश से टीबी रोग का उन्मूलन करना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, उद्योगपति, शासकीय सेवक, रेडक्रास सोसायटी, सी एस.आर. विंग्स व सामान्य नागरिक ऑनलाईन लागिन कर निक्षय मित्र बन सकते हैं। साथ ही जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी मेडिकल कॉलेज कोरबा से संपर्क कर भी निक्षय मित्र के रूप में अपना पंजीयन कराकर टीबी मरीजों को 6 महीने (प्रतिमाह 5 सौ रूपये) तक दाल, सोयाबीन बड़ी, तेल, मूंगफली या दूध पाउडर जैसे पोषण आहार उपलब्ध करा सकते हैं।


मरीजों को फूड पैकेट वितरित करते कलेक्टर।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कोरबा**। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 33 रामपुर बस्ती में रहने वाला एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली जानकारी के अनुसार रामपुर बस्ती में सत्यनारायण साहू का परिवार निवास करता है उसका 32 वर्षीय पुत्र प्रवीन्द्र साहू ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो प्रवीन्द्र को आनन-फानन में उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने प्रवीन्द्र को मृत घोषित कर दिया। युवक ने किन कारणों के चलते मौत को गले लगाया है यह पुलिस के लिए जांच का विषय है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भारत पेट्रोलियम ने मनाया अपना 48वां स्थापना दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत पैट्रोलियम महारत्न कंपनियों में से एक है। जो पहले ही अपने कामों के लिए जाना जाता है। पिछले 48 वर्षों से भारत पेट्रोलियम देश के विभिन्न राज्यों में अपनी सेवा देते आ रही है। भारत पेट्रोलियम ने बुधवार को अपना 48वां स्थापना दिवस मनाया। जहां कोरबा शहर में स्थापना दिवस का कार्यक्रम नथमल बद्रीनारायण मुरारका पेट्रोल पंप में आयोजित किया गया था। जिस कार्यक्रम में भारत पेट्रोलियम के अधिकारी क्षेत्रीय प्रबंधक भानु प्रताप सिंह, सेल्स ऑफिसर संतोष माने, ऑटोमेशन अधिकारी सहित जिले के सभी डीलर कम व अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए। जहां अधिकारियों ने भारत पेट्रोलियम के 48वां स्थापना दिवस पर केक काटकर धूमधाम से अपना स्थापना दिवस मनाया। पीएफएश लांचिंग किया। साथ ही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने डीलर व ग्राहकों को कंपनी के पॉलिसी के बारे में जानकारी दी व बदलते दौर और ऑटोमेटिक आधुनिकीकरण के बारे में सभी को बारीकी से बताया गया।

## दमखांचा में डांस प्रतियोगिता एवं मड़ाई मेला आयोजन 28 को

**मड़वारानी**। करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दमखांचा में 28 जनवरी को डांस प्रतियोगिता एवं मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 10 हजार रू दिया जाएगा। द्वितीय पुरुस्कार 8 हजार तृतीय पुरस्कार 7 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 6 हजार, पंचम 5 हजार, सष्टम 4 हजार, सप्तम 3 हजार, अष्टम 2 हजार, नवम 2 हजार, 10वां एक हजार दिया जाएगा। एकल युगल डांस प्रथम पुरस्कार 5 हजार, द्वितीय पुरुस्कार 3 हजार, तृतीय 2 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 15 सौ एवं पंचम पुरस्कर एक हजार दिया जाएगा। आयोजक नवयुवक समित डांस प्रतियोगिता मड़ाई मेला का आयोजन 28 जनवरी को रखा गया है।

## कोरबा मार्केट

**गुप्त रोग**

विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी

**आयुर्वेद ईलाज**



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।

20 वर्षों से स्थाई

बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर

देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।

**मां सर्वमंगला क्लीनिक**

डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.)**

-ःईश्तहारः-

रा.प्र.क्र.202312050100062/अ -6-अ/2023-24
ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेष कुमार गुप्ता पिता धरमवीर गुप्ता, जाति-बनिया निवासी पटेलपारा कोरबा तहसील व जिला-कोरबा (छ०ग०) द्वारा आम मुख्तियार संतोष कुमार राठौर पिता पी०आर० राठौर, जाति-राठौर निवासी छिंदपुर, तहसील-कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा आवेदक शैलेष कुमार गुप्ता के नाम पर ग्राम-कोरबा प.ह.नं. 16 तहसील कोरबा में ख.नं. 872/1क, 873/1क, 874/4क रकबा क्रमशः 0.03, 0.07, 0.19 एकड़ कुल रकबा 0.29 एकड़ भूमि स्थित है। ख.नं. 874/4क रकबा 0.19 एकड़ भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित है तथा उक्त भूमि की बी-1 खसरा में व्यपवर्तित भूमि दर्ज नहीं होने के कारण शेष खसरा नंबर से अलग करते हुए व्यपवर्तित भूमि दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र श्री लक्ष्मीनारायण चौहान अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 31/1/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 08/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा**

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

**शोक संदेश**



**स्व. श्रीमती राज अग्रवाल जी**

(धर्मपत्नी स्व. श्री संतोष गोयल जी)

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय **माताश्री राज अग्रवाल जी** का स्वर्गवास दिनांक 14.01.2024, दिन रविवार को हो गया है. जिनका पगड़ी रस्म द्वादश, दिनांकः 25.01.2024 दिन- गुरूवार, समय- अपरान्ह 4.00 बजे संपन्न होगा.

**कार्यक्रम**

निवास स्थान :- अग्रोहा मार्ग
दिनांकः- 25 जनवरी, दिन गुरूवार
समय- अपरान्ह 4:00 बजे

**शोकाकुल**

मेजर कन्हैया अग्रवाल (पुत्र), श्याम गोयल (पुत्र)
गोविंद गोयल (भतीजा), मुरारी गोयल (भतीजा)
किशन गोयल (भतीजा) एवं समस्त गोयल परिवार

**विनीत**

केवल राम गोयल
मो. 9617240000

24 korba-Bhoomi pg4_Layout 1 1/24/2024 11:46 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को मिट्टी परीक्षण के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा।** शासन की महत्वाकांक्षी स्वायल हेल्थ कार्ड योजना के तहत 'पायलेट प्रोजक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ' कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत कृषि विभाग कोरबा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र लखनपुर के तत्वाधान में आज जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों को मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मृदा नमूना लेने, मिट्टी परीक्षण एवं उससे संबंधित प्रयोगशाला के सभी उपकरण का जीवन्त प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं को मिट्टी परीक्षण का महत्व की जानकारी देने के साथ ही कृषकों के मध्य स्वायल हेल्थ कार्ड की उपयोगिता के बारेमें विस्तृत रूप से बताया गया।

### ढेलवाडीह बार उत्सव में कटघोरा विधायक जमकर झूमे




**ढेलवाडीह।** ढेलवाडीह बार उत्सव में शामिल होकर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल लोगों का उत्साह बढ़ाया एवं बार महोत्सव के बारे में बताया कि 5 वर्षों में एक बार उत्सव मनाया जाता है जिसमें 12 दिन की पूजा अर्चना बार राजा एवं बार रानी के विशेष पूजा के साथ ग्राम के समस्त देवी देवताओं का का पूजा अर्चना की जाती है एवं गांव के समस्त लोगों के लिए सुख समृद्धि की कामना के साथ बार उत्सव का समापन होता है। कार्यक्रम में विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, जिला महामंत्री संजय शर्मा एवं समाजसेवी नरेंद्र साहू गांव की सरपंच श्रीमती अमिता कंवर एवं श्रीमती कौशल्या कंवर, उप सरपंच प्रकाश सिंह पैकरा, भाजपा कार्यकर्ता अरविंद सिंह राजपूत, मनोज सोनी, राजेश साहू, टांकेश्वर चंद्र, सरजून सिंह, रामचरण साहू एवं समिति के सदस्य सुबेलाल यादव, धर्म यादव, कुमार सिंह कंवर, हरिहर सिंह कंवर, रामगोपाल कंवर, गजेंद्र पाल, रामायण यादव, तुलाराम, नेताम सिंह कंवर, चंदन सिंह एवं महिला समिति का विशेष योगदान रहा।

### हरदीबाजार में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस



**हरदीबाजार।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर हरदीबाजार आंगनवाड़ी में मनाया गया। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन एवं पोस्टर प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जनपद सदस्य अनिल टंडन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया तथा बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ बेटियों की शिक्षा के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य अनिल टंडन ने बताया कि आज बालिका दिवस के अवसर पर बेटी को शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा प्रोत्साहन का कार्य किया जा रहा है। साथ बाल विवाह पर रोक लगाने तथा कम उम्र में विवाह न करने के बारे में भी जानकारी दिया गया। साथ ही किसी भी प्रकार की यदि शोषण होता है तो आप शासन प्रशासन की मदद ले सकते हैं। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीरा कंवर, सुपरवाइजर हेमलता साहू, राधा जायसवाल, किरण श्रीवास, शशि राठौर, विनय जायसवाल एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### छातापाठ में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**मड़वारानी।** करतला विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जामपानी के ग्राम छातापाठ के स्कूल प्रांगण में मनाया गया। वार्षिक उत्सव इसमें नन्ही मुंन्ही बच्चों के द्वारा अलग अलग गानों में अपने कला को दिखाकर गांव वालों का मन मोह लिया। जहां कई बच्चों ने राउत नाचा और देशभक्ति एवं लड़कियों के द्वारा सुआ नृत्य भी किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत जामपानी सरपंच प्रेमबाई, राधेश्याम मांझी, उपसरपंच श्यामलाल एवं गांव के साधुराम पटेल, लीलाधर पटेल, दयाराम पटेल, प्रेमकुमार, दिलीप, बुधवार पटेल, सूरज सुखकुमार पटेल, बियास एवं संकुल समन्वयक रामनारायण जायसवाल, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक, जगदीश प्रसाद भुई, प्राथमिक स्कूल के नत्थू राम कंवर, हरीश कंवर तथा स्कूल के सभी शिक्षकगण स्टाफ एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ट्रेलर मालिक की सूझबूझ से मामले का हुआ पर्दाफाश

# ट्रेलर का नंबर बदलकर फर्जी तरीके से लोहे का परिवहन, दो गिरफ्तार



जप्त की गई ट्रेलर वाहन व आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिंघाली खदान से कोयला परिवहन करने वाली एक ट्रेलर वाहन ब्रेकडाउन होने पर उसे मरम्मत के लिए मालिक ने अपने कुसमुण्डा स्थित यार्ड में खड़ा कराया था जहां उक्त ट्रेलर के नंबर को दूसरे ट्रेलर वाहन में लगाकर बालको क्षेत्र से लोहा परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रेलर वाहन को जप्त किया है।

मां पार्वती ट्रांसपोर्ट का संचालन करने वाले धीरेन्द्र सिंह परिहार 23 जनवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके द्वारा माँ पार्वती ट्रांसपोर्ट कंपनी में कोयला ट्रांसपोटिंग का संचालन कार्य किया जाता है। कंपनी की सम्पूर्ण गाड़ियों की देखरेख उसके ही द्वारा की जाती है। 23 जनवरी को धीरेंद्र परिहार अपने निजी कार्य से बालकोनगर गया था कि वहां से वापस लौटते समय उसकी नजर एक ट्रेलर खुला बाडी वाले पर पड़ी जिसमें उसके कंपनी के ओमेन्द्र सिंह तोमर की स्वामित्व की ट्रेलर कमांक सीजी 12 ए.आर. 9517 डॉला बॉडी का जिसमें उनके द्वारा कोयला परिवहन का काम किया जाता है। जो वर्तमान में सिंघाली प्रोजेक्ट एसईसीएल कोरबा से कोयला परिवहन कर रही है उक्त ट्रेलर खराब होने से मरम्मत कार्य के लिए कंपनी के यार्ड कुसमुण्डा में खड़ी थी। उस गाड़ी को बालको में देखकर धीरेंद्र सिंह परिहार के होश उड़ गए और उसने इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला को दी। एसपी के निर्देश पर साइबर सेल प्रभारी रॉबिनसन गुड़िया अपनी टीम के साथ उक्त स्थान पर जाकर उक्त ट्रेलर में लगे नंबर प्लेट को देखा गया तो पाया कि उक्त ट्रेलर का नम्बर सीजी 11 ए.एम. 7290 लिखा था जिसके उपर ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 ए.आर. 9517 डॉला बॉडी का नंबर प्लेट लगा दिया गया था। उसे चेक करने पर उसमें लोहा लोड था। पुलिस टीम के द्वारा पता तलाश करने पर इसी बीच पता चला कि उक्त वाहन रंजीत यादव एवं आसिफ के द्वारा चलवाई जा रही है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के अलावा धारा 467, 468, 469, 471, 120 (बी) के अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### धोखाधड़ी के मामले में मां बेटा गिरफ्तार

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत दादरखुर्द कदम चौक निवासी छोटुराम यादव 35 वर्ष पिता स्व सहसराम यादव ने चौकी मे रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके द्वारा किराना दुकान का संचालन किया जाता है। 4 व 5 सितंबर 2023 को जब वह दुकान में बैठा था तब गोपाल गोयल, उसका पुत्र रक्षक गोयल तथा उसकी पत्नि छोटूराम यादव के दुकान में आये और कैटरिन कार्य में मुनाफा कमाने का झांसा देकर छोटूराम यादव से 44 हजार रुपए की मांग किए तब छोटू यादव ने उनके झांसे में आकर 44 हजार रुपए नगद दे दिए थे। जिसमें से 13 सितंबर को 10 हजार रुपए तथा 34 हजार रुपए 24 सितंबर तक वापस कर देने का आश्वासन गोपाल गोयल के द्वारा छोटूराम को दिया गया लेकिन समय बीत जाने बावजूद आज पर्यन्त गोपाल गोयल द्वारा छोटूराम की रकम को वापस नहीं किया गया। जिसकी रिपोर्ट छोटूराम द्वारा पुलिस से की गई जिस पर पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सुनीता गोयल व उसके पुत्र रक्षक गोयल को गिरफ्तार कर लिया गया।



# आवासगृह स्वीकृत कराने किसी भी व्यक्ति को राशि न दें हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से अपील की गई है कि आवासगृहों की स्वीकृति या आवासगृहों से संबंधित किसी भी कार्य के लिये निगम के किसी भी कर्मचारी या निगम के बाहर के किसी भी अन्य व्यक्ति को हितग्राही कोई राशि न दें, यदि किसी व्यक्ति द्वारा राशि की मांग की जाती है तो तत्काल उसकी सूचना निगम के संबंधित अधिकारियें को दें, नियमानुसार तथा प्रावधान के तहत राशि का भुगतान केवल निगम कोष में ही करें तथा अनिवार्य रूप से रसीद प्राप्त करें।

**खास बात**

- नियमानुसार राशि का भुगतान निगम कोष में कर रसीद प्राप्त करें

नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही कर पात्र हितग्राहियों को योजना के विभिन्न घटकों के तहत आवासगृहों की स्वीकृति व निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, इस संदर्भ में कुछ शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कतिपय व्यक्तियों द्वारा आवास योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक लोगों से संपर्क कर उन्हें आवास स्वीकृत कराने की बात कहकर राशि की मांग की जा रही है, इस संबंध में निगम द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे निगम के किसी भी कर्मचारी व निगम से बाहर के किसी भी व्यक्ति को कोई भी राशि कदापि न दें, नियमानुसार व प्रावधान के तहत राशि केवल निगम कार्यालय पहुंचकर निर्धारित कांउटर में ही राशि जमा करायें एवं अनिवार्य रूप से रसीद भी प्राप्त करें। यदि किसी भी कर्मचारी या निगम के बाहर के किसी भी व्यक्ति द्वारा इस संबंध में राशि मांगी जाती है तो तत्काल इसकी सूचना निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, योजना के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता आरके, सहायक अभियंता लीलाधर को दें इसके अलावा राशि मांगने वाले व्यक्ति का मोबाईल नम्बर व अपने मोबाईल पर उसकी फोटो खींचकर भी भेजें।

### शिकायत मिली तो दर्ज होगी एफआईआर

आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने इन शिकायतों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए कहा है कि यदि किसी भी कर्मचारी या किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा हितग्राहियों से या आमजन से किसी भी प्रकार की राशि की मांग की जाती है तो इस पर कड़ी कार्यवाही होगी तथा जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने हितग्राहियों से भी कहा है कि वे सजग रहें तथा किसी भी व्यक्ति व अधिकारी कर्मचारियों को केई राशि न दें, यदि किसी व्यक्ति द्वारा राशि की मांग की जाती है तो तत्काल इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दें।

# 17 करोड़ की लागत से हरदीबाजार से दीपका बाईपास सड़क मार्ग का होगा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग हरदीबाजार से दीपका बाईपास सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम बुधवार को 12 बजे बजरंग चौक सराईसिंगार में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल व दीपका महाप्रबंधक अमित कुमार सक्सेना की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मार्ग की कुल लंबाई 5 किमी व लागत राशि 17 करोड़ रुपए है। वहीं पुलिया निर्माण भी होना है। सर्वप्रथम अतिथियों आचार्य हीरा महाराज के द्वारा पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीपका महाप्रबंधक अमित कुमार सक्सेना ने कहा कि विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा लगातार दीपका बाईपास सड़क को बनाने के लिए मांग किया जा रहा था विधायक बनने से पहले भी इस सड़क को बनाने के लिए मांग किया गया था जो कि उच्च अधिकारियों के द्वारा मांग को स्वीकृत करते हुए 17 करोड़ की लागत से 5 किलोमीटर की सड़क जल्द ही बनेगी। इसके लिए आज भूमिपूजन किया गया है विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस दीपका से हरदीबाजार की सड़क की हालत बहुत ही जर्जर हो गई है। इसके लिए काफी दिनों से मांग किया जा रहा था कि जल्द ही सड़क बनाया जाए। अब लोगों को आवागमन में परेशानी नहीं होगी सड़क बनने तक लोगों को अपील किया गया है कि इसके लिए सहयोग करें वाहन मालिक को भी अपील किया गया है कि जब तक सड़क नहीं बन जाती है सहयोग करेंगे और सड़क की कार्य प्रगति होने के बाद राहगीरों को एवं वाहन चालकों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा फिलहाल जल्द ही विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि जल्द ही नवनिर्मित रतिजा से रेंकी होकर बाईपास मार्ग से बन रहा है,इस सड़क के चालू हो जाने से क्षेत्र के लोगों को स्थाई बाईपास मिल जायेगा। इसके लिए भी विभाग के द्वारा लगातार कार्य प्रगति पर किया जा रहा है इस दौरान उपस्थित जिला मंत्री नरेश टंडन, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष चुलेश्वर राठौर,पूर्व मंडल उपाध्यक्ष छोटेलाल पटेल, मंडल अध्यक्ष हरीश थदवानी, दीपका पार्षद अरुणिश तिवारी, जगदीश अग्रवाल, महामंत्री डां.विजय राठौर, दुर्गेश कश्यप, सूर्यकांत पांडे, कांति, पिंटू राठौर ,डिप्टी जीएम आरके झा, ठेकेदार चंद्रलोक , गिरीश राय, हरदीबाजार तहसीलदार एसके पैकरा, कृष्णा पटेल, नरेंद्र राठौर,छोटू यादव, रामेश्वर यादव,श्‌याम राठौर आदि उपस्थित थे।

**खास बात**

- कटघोरा विधायक पटेल व दीपका महाप्रबंधक सक्सेना की उपस्थिति में हुआ भूमिपूजन



भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित विधायक प्रेमचंद पटेल एवं अन्य।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों का किया गया अंतिम पूर्वाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में सीएसईबी कोरबा फुटबॉल ग्राउंड में बुधवार को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। अपर कलेक्टर दिनेश नाग ने मुख्य अतिथि की भूमिका में ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन सीएसईबी कोरबा फुटबॉल ग्राउंड में किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी हो गई है। मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य,उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि होंगे। अंतिम पूर्वाभ्यास के दौरान परेड निरीक्षण, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरो से परिचय, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन, झांकी प्रदर्शन, पुरस्कार वितरण, सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति एवं विभागों के शासकीय योजनाओं से संबंधित झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा। अंतिम पूर्वाभ्यास के दौरान कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा तैयारियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, प्रभारी सीईओ जिला पंचायत प्रदीप साहू सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**खास बात**

- मुख्य समारोह में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन फहराएंगे ध्वज



अंतिम रिहर्सल के दौरान कलेक्टर, एसपी व अन्य।

# नवाचारी शिक्षक की पहल, विद्यालय में शुरू हुआ 'एहसास एक योजना'



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंतोरा

नवाचारी शिक्षक कामता प्रसाद मरावी सहायक शिक्षक जो की प्राथमिक शाला कालोनीगंज पंतोरा में पदस्थ हैं। इनके द्वारा शाला में एक नई पहल योजना के अंतर्गत एक विशिष्ट योजना 'एहसास' पर कार्य करने हेतु एक समिति का गठन किया गया। समिति के उद्देश्यों में आवश्यकता वाले विद्यार्थी जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं इनका आंकलन कर चिन्हांकित कर इन आवश्यकता वाले बच्चों को शैक्षिक संसाधन स्टेशनरी सामग्री, मौसम अनुरूप कपड़े, जूते-मोजे आदि सामग्री की पूर्ति कर उन्हें सहायता प्रदान करते हुए उनके विद्यालय आने के प्रति रुझान, कक्षा ठहराव और उनकी उपस्थिति में वृद्धि कर उनका सर्वांगीण विकास किया जाना।

इस समिति में जनप्रतिनिधियों, व्यवसायिकों, ग्रामीणों पालकों कामगारों शिक्षक साथियों परिवार के सदस्यों से संपर्क कर उनकी क्षमता के अनुरूप आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाने हेतु शिक्षक द्वारा कार्य किया जा रहा है। इसके प्रथम प्रतिफल के अनुरूप नवाचारी शिक्षक ने 30 स्वेटर उपहार में प्राप्त कर आवश्यकता वाले बच्चों में बांटा। संपर्क के दौरान जन समूह ने इस विशिष्ट योजना 'एहसास 'के क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आजीवन इस योजना में सहयोग देने हेतु संकल्प लिया व सदस्यता ग्रहण की जिसमें महेंद्र कुंभकार, रामावतार अग्रवाल, लक्ष्मी देवांगन, अशोक यादव, सुरेंद्र देवांगन अनिल कर्ष देवनारायण कंवर सुरेंद्र कुमार सुशील बिंझवार, रमाकांत पटेल, निखिलेश सिदार, रामनारायण मरकाम, अमर सिंह, श्रीमती अनिमातिर्की, श्रीमती प्रमिला कंवर, शाला प्रधान पाठक श्रीमती खेल बाई राजवाड़े, श्रीमती अनीता पांडे, सोहन टेकाम, नंदलाल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### एचएमएच की कंपनी स्तरीय बैठक



**कोरबा।** एचएमएच के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि एसईसीएल में क्लर्क एवं स्टोर क्लर्क की परीक्षा लगभग एक साल से पेंडिंग है। उक्त परीक्षा की संभावित तिथि 17 फरवरी निर्धारित की गई है। कंपनी स्तरीय बैठक में निर्णय लिया गया कि क्लर्क एवं स्टोर क्लर्क की नियुक्ति की जानी है।







